प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आगामी जनगणना में जाति गणना को सम्मिलित करने का लिया फैसला : चीनी सत्र 2025–26 के लिए गन्न का मूल्य 355 रुपये प्रति क्विंटल करने को भी मिली मंजूरी।
2. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल एक दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की किताब 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' का करेंग विमोचन।
3. लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज कानपुर पहुंच कर आतंकी हमले में जान गंवाने वाले शुभम द्विवेदी के परिजनों से की मुलाकात : कहा– पहलगाम हमला, देश के भाईचारे और सद्भाव पर गहरी चोट।

और

4. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मुंबई में करेंगे वेव्स शिखर सम्मेलन का शुभारम्भ : प्रदेश के चयनित क्रिएटर्स सम्मेलन का हिस्सा बनने को लेकर उत्साहित।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में राजनीतिक कार्य समिति ने आगामी जनगणना में जाति गणना को सम्मिलित करने का निर्णय

लिया है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कांफ्रेंस कर इसके बारे में जानकारी दी। बाइट....

*हमारा सामाजिक तानाबाना राजनीति के दबाव में न आए। जातियों की गणना एक सर्वे के स्थान पर मूल जनगणना में ही सम्मिलित होनी चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश की प्रगति भी निर्बाध चलती रहेंगी।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसले को अभूतपूर्व बताते हुए प्रधानमंत्री का आभार जताया है। वहीं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस फैसले को ऐतिहासिक बताया है। बाइट....

*आज पूरा हिंदुस्तान इस फैसले का स्वागत करता है, क्योंकि जो समाज में समानता चाहते हैं, यह बाबा साहेब के सपनों को साकार करने वाला कार्य हुआ है। क्योंकि जब तक यह जनगणना नहीं होगी तब तक जिनकी जो हिस्सेदारी जिनकी जो संख्या है उसका पता नहीं चलेगा, उनको वो अधिकार और सम्मान नहीं मिलेगा।*

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने चीनी सत्र 2025–26 के लिए 355 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य तय करने को भी स्वीकृति दी।

श्री वैष्णव ने कहा कि इस निर्णय से पांच करोड़ गन्ना किसानों के साथ–साथ चीनी मिलों और संबंधित सहायक गतिविधियों में कार्यरत पांच लाख श्रमिकों को भी लाभ होगा। बाइट....

*फेयर एंड रेमो लेटर प्राइस शुगरकेन का रहेगा। ₹355 पर क्विंटल और इसके ऊपर पॉइंट 1ः पे एक एजस्टमेंट है और नीचे पॉइंट 1ः होने पर एक रिकवरी अगर 10.25ः से कम होती है तो उसका एक एजस्टमेंट है। बेसिक तौर पे अगर आप देखे की जो कॉस्ट है ऑल इंडिया वेटेड एवरेज कॉस्ट*

*ऑफ प्रोडक्शन ऑफ शुगर केन वो है रुपये 173 पर क्विंटल। 2023–24 इस पीरियड का जो एग्रीकल्चर इस शुगर केन सीज़न के जो लेटेस्ट डेटा है, उसके हिसाब से शुगर केन फार्मर्स को 1 लाख 11 हजार 701 करोड़ रुपये शुगर केन के दाम के रूप में मिले हैं।*

केंद्रीय कैबिनेट के इस फैसले पर प्रदेश के गन्ना किसानों ने खुशी जताई ह। जौनपुर के गन्ना किसान राकेश यादव ने इस फैसले को किसानों के हित में बताया। बाइट....

*मोदी सरकार ने आज गन्ना किसान भाइयों के लिए जो है बड़ी सौगात दी है और गन्ना की खेती का, जो ये प्रति क्विंटल के ₹355 की प्रति क्विंटल की जो रेट दिया है, ये किसान भाइयों के लिए एक बड़ा सौगात है, जिससे की अगर जो किसान भाई बेचेंगे, मुनाफा होगा।*

————————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल एक दिवसीय दौरे पर लखनऊ आएंगे। श्री धनखड़ डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जीवन वृत्तांत पर आधारित किताब 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' का विमोचन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और स्वामी चिदानंद सरस्वती बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे।

————————

कुशीनगर में आज केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह और केन्द्रीय ग्रामीण विकास और संचार राज्यमंत्री डॉ. चन्द्र शेखर पेम्मासानी ने प्रदेश के 450वें डाकघर पासपोर्ट

सेवा केन्द्र का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में केन्द्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए सरकार ने पासपोर्ट सेवा को पोस्ट ऑफिस सेवा से जोड़ दिया है। बाइट.....

*हम लोगों ने दोनों सेवाओं को साथ मिला कर जन सुविधा के लिए पासपोर्ट की जितनी सेवाएं हैं, सब आपको इस पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र से जनता को मिले और सुविधाएं कोई कम नहीं है। हम लोगों ने इसमें डिजिटाइजेशन कर दिया है। हर तरह के आसानी कर दी है की जनता को दूर दूर भटकना ना पड़े और ये सारी चीज़।*

————————

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज कानपुर पहुंच कर पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुआ हमला देश के भाईचारे और सद्भाव पर गहरी चोट है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के लिए विशेष संसद सत्र रखा जाए, जिसमें इस मामले पर चर्चा हो सके।

————————

काउन्सिल फॉर दी इंडियन स्कूल सर्टिफ़िकेट एग्ज़ामिनेशन ने दसवीं और बारहवीं कक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस परीक्षा में प्रदेश के 81 हज़ार 772 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। राज्य में 10वीं का पास प्रतिशत 98 दशमलव चार शून्य रहा, जबकि 12वीं का पास प्रतिशत 98 दशमलव आठ दो रहा।

उधर, उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद ने भी आज दसवीं और बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। दसवीं में मऊ के विद्यांशु शर्मा ने 93 दशमलव चार दो प्रतिशत और बारहवीं में जौनपुर की भूमिका ने 85 दशमलव दो एक प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया है।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप पादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल से मुंबई में शुरू हो रहे चार दिवसीय विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमंट शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट उद्योग के भविष्य पर चर्चा के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करेगा। इस समिट के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताआं में फाइनल्स में जगह बनाने वाले प्रदेश के क्रिएटर्स मुबंई के लिए रवाना हो गए हैं। क्रिएट

इन इंडिया चलेंज में दूसरा स्थान हासिल करने वाली लखनऊ की श्वेता चौधरी ने कहा कि वह इस आयोजन को लेकर बहुत उत्साहित हैं। बाइट....

*आई एम वेरी एक्साइटेड फॉर थिस, और यहाँ पे हमें बहुत। अच्छे ऑप्शन्ज़ मिलेंगे, आगे ऑपर्च्युनिटीज़ मिलेंगी सो आई होप की।हम अच्छे से हमारा ये सफल रहे ये पूरा हमारा इवेंट। एंड बस अब हम जा रहे है अपने मंजिल की तरफ।*

————————

अक्षय तृतीया पर आज प्रदेश भर के मंदिरों में विशेष अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पेश है एक रिपोर्ट....

*अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि परिसर स्थित श्रीगणेश मन्दिर में पूजा अर्चना के साथ शिखर कलश और ध्वज दंड स्थापित किया गया। हनुमानगढ़ी मंदिर के मुख्य पुजारी महंत प्रेम दास अक्षय तृतीया पर नागा साधुओं के साथ गाजे बाजे और निशान के साथ शाही यात्रा में शामिल हुए। यात्रा में शामिल साधु संतों ने सरयू में स्नान किया और श्रीराम जन्मभूमि में श्रीराम लला का दर्शन पूजन किया। वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में मंगला आरती के दौरान चक्र पुष्करणी मणिकर्णिका कुंड के जल से अभिषेक किया गया। इसके साथ ही मंदिर के गर्भगृह में विशेष चांदी के फव्वारे की स्थापना की गई। मंदिर न्यास के अनुसार, प्रत्येक वर्ष वैशाख में अक्षय तृतीया के दिन यह जलधारी बाबा को शीतलता प्रदान करने के लिए लगाया जाता है। उधर मथुरा के वृन्दावन में आज ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में ठाकुरजी को पीले वस्त्र धारण कराकर विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर देश विदेश से बड़ी संख्या में भक्त दर्शन पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा*

————————

प्रदेश केकई इलाकों में अगले तीन दिनों के लिए गरज चमक के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग लखनऊ केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले चार पांच दिनों तक कई इलाकों में बारिश होने का अनुमान है। बाइट...

*अरब सागर से आने वाली हवाओं और बंगाल की खाड़ी की हवाओं के समागम आज से बढ़ने के कारण प्रदेश में जो बारिश है उसकी तीव्रता और स्थानीय वितरण दोनों में। कल यानी की 1 मई से बढ़ोतरी होना शुरू हो जाएगी तथा 2 मई से एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ प्रदेश को प्रभावित करना आरंभ करेगा तो उसके प्रतिक्रिया के कारण इसमें और अधिक बढ़ोतरी होगी तथा। दो से लेकर 5 मई के बीच में प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है और इसके साथ साथ राजधानी लखनऊ में भी 2 मई से लेकर 6 मई तक रुक रुक कर बादल आते जाते रहेंगे।*

——————

आईपीएल क्रिकेट में आज शाम चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से हो रहा है। ये मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में हो रहा है।

(समाप्त)